# उत्तर प्रदेश विधान सभा एवं विधान परिषद में एन०आई०सी० राज्य इकाई उ०प्र० के तकनीकी सहयोग से ई-विधान प्रणाली (NeVA) द्वारा डिजिटल बजट-2026 सत्र का सफल आयोजन

उत्तर प्रदेश विधान सभा एवं विधान परिषद का वर्ष 2026 का प्रथम बजट सत्र 09 फरवरी 2026 से 20 फरवरी 2026 तक आयोजित किया गया। सत्र का शुभारंभ **माननीय राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल** महोदया द्वारा राज्य विधान मंडल के दोनों सदनों के समक्ष संयुक्त अभिभाषण से हुआ।

सत्र के दौरान वित्तीय वर्ष 2026-27 के आय-व्यय का विस्तृत प्रस्तुतीकरण, माननीय राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर सारगर्भित चर्चा, अनुदानों की मांगों पर गहन विचार-विमर्श एवं मतदान की प्रक्रिया सफलतापूर्वक संपन्न हुई। सम्पूर्ण वित्तीय प्रावधानों को विधिक स्वरूप प्रदान करते हुए उत्तर प्रदेश विनियोग विधेयक, 2026 का विधिवत पारण किया गया।



*बाएं से दायें: [श्री सतीश महाना माननीय अध्यक्ष विधानसभा उ०प्र०, श्रीमती आनंदीबेन पटेल माननीय राज्यपाल उ०प्र०, श्री कुँवर मानवेन्द्र सिंह माननीय सभापति विधान परिषद उ०प्र०]*

ई-विधान प्रणाली (NeVA) के प्रभावी क्रियान्वयन एवं सम्पूर्ण सत्र के सफल, सुव्यवस्थित एवं तकनीकी रूप से निर्बाध संचालन हेतु **राज्य सूचना विज्ञान अधिकारी एवं उप महानिदेशक श्री आशेष कुमार अग्रवाल** के कुशल मार्गदर्शन में विशेष टीम का गठन किया गया।

1. **श्री राजीव रस्तोगी, वरिष्ठ निदेशक (आई०टी०) एवं एच०ओ०डी०**
2. **श्री विनय दीक्षित, निदेशक (आई०टी०)**
3. **श्री पियुशांक गुप्ता,संयुक्त निदेशक (आई०टी०)**
4. **सुश्री रश्मि दीक्षित, तकनीकी सहायक-बी**

**एन०आई०सी०, उत्तर प्रदेश की टीम** द्वारा सम्पूर्ण सत्र में **संसदीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की नेवा सेंट्रल प्रोजेक्ट मॉनिटरिंग टीम** (NeVA CPMU) **टीम** के साथ समन्वय स्थापित करते हुए महत्वपूर्ण योगदान प्रदान किया गया।

बजट सत्र के दौरान अंतर्गत उन्नत डिजिटल दस्तावेज प्रबंधन प्रणाली के माध्यम से बजट दस्तावेज, दैनिक कार्यसूची, प्रश्नोत्तर सूची, संशोधन प्रस्ताव एवं विभिन्न विधेयकों की प्रतियां सदन के माननीय सदस्यों को इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से उपलब्ध कराई गईं। उक्त व्यवस्था से सदन की कार्यवाही पूर्णतः सुव्यवस्थित, त्वरित एवं पारदर्शी बनी रही। साथ ही, **कागजरहित (Paperless) कार्यसंस्कृति** को प्रोत्साहन प्राप्त हुआ, जिससे समय, लागत एवं संसाधनों की उल्लेखनीय बचत सुनिश्चित हुई।



*[श्री सुरेश कुमार खन्ना माननीय वित मंत्री द्वारा बजट-2026का प्रस्तुतिकरण]*

सत्र के दौरान तकनीकी अवसंरचना की सतत निगरानी, निर्बाध इंटरनेट कनेक्टिविटी तथा साइबर सुरक्षा प्रोटोकॉल का अनुपालन एन०आई०सी० टीम द्वारा सुनिश्चित किया गया। किसी भी तकनीकी व्यवधान की स्थिति में त्वरित समाधान हेतु ऑन-साइट तकनीकी सहायता उपलब्ध रही, जिससे कार्यवाही बिना बाधा के संचालित होती रही।

इस प्रकार, उत्तर प्रदेश विधान सभा के बजट सत्र 2026 के सफल आयोजन में एनआईसी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण, प्रभावी एवं प्रशंसनीय रहा। आधुनिक सूचना प्रौद्योगिकी के समुचित उपयोग से न केवल सदन की कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी एवं दक्ष बनी, बल्कि डिजिटल शासन (**Digital Governance**) की दिशा में एक सशक्त कदम भी सिद्ध हुआ।

# **Successful Conduct of Paperless Budget Session-2026 through e-Vidhan Application (NeVA) in Uttar Pradesh Legislative Assembly and Legislative Council**

The first Budget Session of the year 2026 of the Uttar Pradesh Legislative Assembly and Legislative Council was held from 09 February 2026 to 20 February 2026. The session commenced with a joint address to both Houses of the State Legislature by the **Hon'ble Governor, Smt. Anandiben Patel**.

During the session, the detailed presentation of the income and expenditure for the financial year 2026–27 was made, followed by meaningful discussions on the Motion of Thanks to the Hon'ble Governor's Address, extensive deliberations and voting on the Demands for Grants. **The Uttar Pradesh Appropriation Bill, 2026** was duly passed, thereby giving legal sanction to all financial provisions.



*Left to Right: [Sh. Satish Mahana Hon'ble Speaker UP Legislative Assembly, Smt. Anandiben Patel Hon'ble Governor UP, Sh. Kunwar Manvendra Singh Hon'ble Chairman UP Legislative Council]*

To ensure the smooth, systematic, and technically seamless conduct of the session through the effective implementation of the e-Vidhan (NeVA) system, a dedicated technical team was constituted under the guidance **of Shri Ashesh Kumar Agrawal, State Informatics Officer and Deputy Director General** with following composition:

1. **Shri Rajeev Rastogi, Senior Director (IT) & HOD**
2. **Shri Vinay Dixit, Director (IT)**
3. **Shri Piyushank Gupta, Joint Director (IT)**
4. **Ms. Rashmi Dixit, Scientific Technical Assistant-B**

The **NIC Uttar Pradesh team** worked in close coordination with the **NeVA Central Project Monitoring Unit (CPMU) of the Ministry of Parliamentary Affairs, Government of India,** providing critical technical support throughout the session.

During the Budget Session, through the advanced digital document management system, budget documents, daily agenda, question lists, amendment proposals, and copies of various bills were made available electronically to the Hon'ble Members of the House. This arrangement ensured that the proceedings of the House remained fully organized, swift, and transparent. It also promoted a **paperless work culture**, resulting in significant savings of time, cost, and resources.



*[Sh. Suresh Kumar Khanna Hon'ble Finance Minister tabling Budget-2026 for Uttar Pradesh]*

Throughout the session, continuous monitoring of technical infrastructure, uninterrupted internet connectivity, and compliance with cybersecurity protocols were ensured by the NIC team. On-site technical support was made available for the prompt resolution of any technical issues, enabling uninterrupted proceedings.

NIC's contribution to the successful conduct of the Uttar Pradesh Legislative Assembly Budget Session 2026 is highly significant, effective, and commendable. The appropriate use of modern information technology not only enhanced transparency and efficiency in the functioning of the House but also marked a strong step forward in the direction of Digital Governance.

**Media Team UP**